बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विस्तार होगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

मंजूरी : आगरा और गंगा एक्सप्रेसवे इटावा में जुड़ेंगे

■ अजित खरे

लखनऊ। आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे को गंगा- एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे का रूट तय हो गया है। यह लिंक एक्सप्रेसवे वाया फर्रूखाबाद इटावा के कुदरैल गांव से शुरू होकर हरदोई के कौसया गांव पर खत्म होगा। 92 किमी के इस एक्सप्रेस के बन जाने से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का भी विस्तार हो जाएगा। चित्रकूट से शुरू बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इटावा में इस लिंक एक्सप्रेस के जरिए गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा।

यह लिंक एक्सप्रेसवे इटावा से शुरू होकर कन्नौज, मैनपुरी, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर होते हुए हरदोई में खत्म होगा। यूपीडा ने लिंक एक्सप्रेसवे के रूट के लिए तीन प्रस्ताव शासन को भेजे थे। इसमें इस रूट को उच्चस्तर पर मंजूरी मिल गई है। तीन प्रस्तावों में यह सबसे छोटा रूट है और इसमें कम जमीन की जरूरत पड़ेगी साथ ही कम से कम स्ट्रक्चर बनाने होंगे। परियोजना विकास परामर्शी ने इसी प्रस्ताव की संस्तुति की थी। इस रूट में पड़ने वाले गांवों के नाम भी तय हो गए हैं। यहां की जमीन लेकर इसके निर्माण का काम किया जाएगा। खास बात यह कि इस अहम परियोजना से तीन एक्सप्रेसवे एक दूसरे से जुड़ जाएंगे। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे तो निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से जड़ेगा ही साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इटावा इस एक्सप्रेसवे के जरिए गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ सकेगा। असल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस साल जून में यूपीडा द्वारा प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के बाबत इस पर प्रारंभिक अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने को कहा था। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक जाएगा।

03 विकल्पों में सबके कम खर्च वाले रूट को उच्च स्तर पर दी गई मंजूरी

92 किमी का होगा यह लिंक इटावा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा

छह जिलों के 76 गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण

इटावा के तीन, कन्नौज के दो, मैनपुरी के 29 गांव, फर्रूखाबाद के 35, शाहजहांपुर दो व हरदोई के चार गांवों से होकर यह एक्सप्रेसवे गुजरेगा। इस एक्सप्रेसवे की लागत 6600 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। यह एक्सप्रेसवे पहले छह लेन का बनेगा जिसे भविष्य में आठ लेन का किया जा सकेगा।